**घटना** | सूझबूझ से बड़ी घटना टली,बैंक के बाजू की खिड़की से दाखिल हुआ चोर

# हटा के सेंट्रल बैंक में चोरी का प्रयास, मौके पर एसपी सहित पहुंची पुलिस

**नवभारत,दमोह. हटा में संचालित सेंट्रल बैंक में सोमवार मंगलवार की दरमियानी रात अज्ञात चोर द्वारा बैंक में चोरी का प्रयास किया गया.जैसे ही बैंक के कर्मचारियों को जानकारी लगी उन्होंने पुलिस को सूचित किया. पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची जिससे एक बड़ी घटना होने से बच गई.**





मंगलवार सुबह दमोह एसपी श्रुत कीर्ति सोमवंशी भी हटा पहुंचे. उन्होंने बैंक का निरीक्षण किया बैंक के अधिकारियों से बात की. उन्होंने कहा की डॉग्स स्क्वाड और फिंगरप्रिंट की टीम जांच कर रही है.जल्द ही आरोपी गिरफ्तार कर लिया जाएगा. एसपी श्रुत कीर्ति सोमवंशी ने बताया कि सोमवार की देर रात सेंट्रल बैंक में अज्ञात व्यक्ति द्वारा लूट की घटना का प्रयास किया गया. जैसे ही दिल्ली बैंक से सूचना मिली, थाना प्रभारी हटा सुधीर बेगी द्वारा कंट्रोल रूम को सूचना दी गई.साथ ही बैंक के कर्मचारियों को दिल्ली से एक्सेस मिला और उन्होंने भी घटना की जानकारी पुलिस को दी. तत्काल हटा थाना प्रभारी सुधीर बेगी मौके पर पहुंचे, जिससे बैंक का अलार्म बजने के चलते आरोपी वहां से भाग गया. सुबह डॉग्स स्क्वाड और फिंगरप्रिंट की टीम के द्वारा पूरे बैंक का निरीक्षण किया गया.जिसमें किसी प्रकार की कोई घटना घटित नहीं हो पाई.लाकर पूरी तरह सुरक्षित हैं, लेकिन अज्ञात व्यक्ति द्वारा जो प्रयास किया गया है यह काफी बड़ी घटना हो सकती थी. बैंक के पीछे का जो एरिया है वहां सुरक्षा कमजोर है.इसलिए सुरक्षा के इंतजाम करने बैंक प्रबंधन को निर्देश दिए गए हैं.कुछ सीसीटीवी फुटेज भी मिले हैं, लेकिन वह साफ नहीं है.पुलिस की टीम पूरे हटा क्षेत्र में घूम रही है. जैसे ही आरोपी का सुराग मिलेगा तत्काल उसे गिरफ्तार कर लिया जाएगा. बैंक के पीछे एक खिड़की है जहां से अज्ञात चोर बैंक के अंदर पहुंचा था. जिस प्रकार से आरोपी ने बैंक में चोरी की घटना को अंजाम देने का प्रयास किया है यदि समय पर पुलिस नहीं पहुंचती अलार्म नहीं बजता तो एक बड़ी घटना भी हो सकती थी.सेंट्रल बैंक मैनेजर अखिलेश कुमार ने बताया कि दिल्ली से हमें सूचना मिली थी कि बैंक में कोई घटना का प्रयास हो रहा है. उन्होंने तत्काल पुलिस को सूचित किया. पुलिस मौके पर पहुंची जिससे एक बड़ी घटना होने से बच गई.बैंक में ज्यादा कैश नहीं था करीब साढ़े चार लाख रुपए के आसपास नगद था.करीब 25लाकर है,लेकिन पुलिस की सजकता से और हमारे नेट कनेक्टिविटी की वजह से एक बड़ी घटना होने से बच गई.

> आपको बता दे हटा क्षेत्र में लगातार चोरों का आतंक थमने का नाम नही ले रहा है.बीती दिनों डेढ़ दर्जन से अधिक चोरी की वारदाते शहर में हो चुकी हैं जिनका अब तक पुलिस खुलासा नही कर सकी वही पुलिस को चुनोती देने का काम चोर लगातार कर रहे हैं. अब देखना होगा बैंक में चोरी करने बाले चोर का पता पुलिस कब तक लगा पाती है.

## हटा विधायक ने भैंसा में बिजली सब स्टेशन का किया भूमिपूजन

**नवभारत,हटा/दमोह।** विधायक हटा उमादेवी खटीक ने हटा विकासखंड के गैसाबाद में बिजली सब स्टेशन का भूमिपूजन किया। यंहा 290 लाख की लागत से 33 केवी का बिजली सब स्टेशन निर्माण कार्य किया जायेगा। भूमिपूजन का शुभारंभ हटा विधायक उमादेवी खटीक, पंडित लक्ष्मण तिवारी और जनप्रतिनिधियों ने विधिविधान से पूजा अर्चना कर किया। कार्यक्रम में जनपद पंचायत हटा अध्यक्ष गंगाराम पटेल भी मौजूद रहे।



## छात्रों ने सीसीटीवी की निगरानी में दी परीक्षा

### विद्यार्थियों ने कक्षा 12वीं का अंग्रेजी प्रश्न पत्र किया हल



**कुम्हारी नवभारत 10 फरवरी। बोर्ड परीक्षाओं की शुरूआत कक्षा 12वीं के अंग्रेजी विषय के पेपर के साथ हो गई। सीसीटीवी की निगरानी के बीच कक्षा 12वीं का पहला पेपर हुआ।**

शासकीय उच्चतर विद्यालय कुम्हारी में कक्षा 12वीं का अंग्रेजी प्रश्न पत्र छात्र-छात्राओं ने हल किया। यहां कुल 163 विद्यार्थी दर्ज थे, जिनमें 2 अनुपस्थित रहे। विद्यार्थियों के बैठने की व्यवस्था 8 कक्षों में की गई थी। परीक्षा के दौरान केंद्र अध्यक्ष राजेश कुमार अहिरवार, सहायक केंद्र अध्यक्ष एनएल पटेल, कलेक्टर प्रतिनिधि पटवारी अमित उपाध्याय, सहित पुलिस बल निगरानी में तैनात रहा।

### निश्चिंत होकर होकर परीक्षा दें : उमादेवी

दूसरा केंद्र पीएम श्री मझगुवा हंसराज है। यहां 10वीं की परीक्षा आयोजित होगी। विधायक हटा उमादेवी खटीक ने कहा कि 10 फरवरी से बोर्ड के एग्ज़ाम शुरू हो गए है। उन्होंने छात्र-छात्राओं से कहा कि बिल्कुल निश्चिंत होकर होकर परीक्षा दें। मेरी शुभकामनाएं आप लोगों के साथ हैं। मैं आपके उज्ज्वल भविष्य की कामना करती हूं।

# भक्ति, संगीत और नारी शक्ति का दिव्य संगम

## नोहलेश्वर महोत्सव 2026 महोत्सव बना ऐतिहासिक



**नवभारत,दमोह।** प्रदेश के संस्कृति, पर्यटन, धार्मिक न्यास व धर्मस्व विभाग राज्यमंत्री(स्वतंत्र प्रभार) धर्मेन्द्र सिंह लोधी के मार्गदर्शन व महोत्सव संयोजक सत्येंद्र सिंह के कुशल नेतृत्व में आयोजित नोहलेश्वर महोत्सव 2026 का चतुर्थ दिवस भक्ति, संस्कृति और जनआस्था का भव्य उत्सव बनकर उभरा। नोहटा स्थित नोहलेश्वर धाम में आयोजित सांस्कृतिक संध्या ने श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया। प्रसिद्ध भजन गायक बाली ठाकरे व रिजा खान द्वारा प्रस्तुत सुमधुर भजनों ने संपूर्ण मंदिर परिसर को शिवभक्ति, रामभक्ति और आध्यात्मिक ऊर्जा से ओतप्रोत कर दिया।हर-हर महादेव और बोल बम के जयघोष से वातावरण गुंजायमान हो उठा।भजनों में भक्ति के साथ सामाजिक समरसता और सांस्कृतिक चेतना का सुंदर संदेश देखने को मिला। इससे पूर्व स्थानीय कलाकारों ने भी अपनी प्रस्तुतियों से दर्शकों का मन मोह लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं भगवान श्री गणेश के विधिवत पूजन-अर्चन के साथ हुआ। बड़ी संख्या में दर्शकों ने कार्यक्रम का आनंद लेते नजर आए।राज्यमंत्री धर्मेन्द्र सिंह लोधी ने कहा नोहलेश्वर महोत्सव हमारी सनातन संस्कृति, आस्था और परंपराओं को जीवंत रखने का सशक्त माध्यम है। ऐसे आयोजन न केवल धार्मिक चेतना को मजबूत करते हैं, बल्कि स्थानीय संस्कृति, पर्यटन और रोजगार को भी बढ़ावा देते हैं। मुख्यमंत्री मोहन यादव के नेतृत्व में सरकार सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण और जनभागीदारी को निरंतर प्रोत्साहित कर रही है। मुख्य अतिथि बरगी विधानसभा क्षेत्र के विधायक नीरज सिंह ने कहा नोहलेश्वर महोत्सव केवल एक धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि क्षेत्र की सांस्कृतिक पहचान है। यह महोत्सव समाज को जोड़ने, नई पीढ़ी को अपनी परंपराओं से जोड़ने और सकारात्मक ऊर्जा का संचार करने का कार्य कर रहा है। आयोजकों ने इसे जन-जन का उत्सव बनाने में सराहनीय भूमिका निभाई है।

### अतिथियों ने किया महोत्सव परिसर का भ्रमण

इस गरिमामयी अवसर पर बरगी विधानसभा क्षेत्र के विधायक नीरज सिंह मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। जनप्रतिनिधि, प्रशासनिक अधिकारी, आयोजन समिति के सदस्य एवं क्षेत्र के गणमान्य नागरिक मंचासीन रहे।राज्यमंत्री धर्मेन्द्र सिंह लोधी एवं विधायक नीरज सिंह ने महोत्सव परिसर का भ्रमण कर तीरंदाजी, मौत का कुआं सहित विभिन्न सांस्कृतिक एवं मनोरंजन स्टॉलों का अवलोकन कर उनका आनंद लिया। अतिथियों का आयोजन समिति द्वारा पारंपरिक स्वागत-सम्मान किया

## वित्तीय साक्षरता एवं साइबर जागरूकता हेतु वाहन को हरी झंडी

**नवभारत,दमोह.** 10 फरवरी को भारतीय स्टेट बैंक, दमोह शाखा द्वारा वित्तीय साक्षरता केंद्र (एफएलसी) दमोह व लीड डिस्ट्रिक्ट कार्यालय, दमोह के सहयोग से एक जागरूकता वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। यह वाहन दमोह व जबेरा ब्लॉक के विभिन्न ग्रामीण एवं अर्धशहरी क्षेत्रों में भ्रमण कर आम नागरिकों को वित्तीय साक्षरता, साइबर फ्रॉड से बचाव तथा केवाईसी अद्यतन से संबंधित जानकारी प्रदान करेगा।कार्यक्रम के दौरान लोगों को डिजिटल बैंकिंग के सुरक्षित उपयोग, ऑनलाइन ठगी से बचने के उपाय, तथा समय-समय पर केवाईसी अपडेट कराने के महत्व के बारे में विस्तार से बताया जाएगा। इस अवसर पर मुख्य रूप से आशीष रावत,मुख्य प्रबंधक,भारतीय स्टेट बैंक दमोह;हेमंत खिसानिया, लीड डिस्ट्रिक्ट मैनेजर (स्वड) दमोह; श्रीमती सौम्या श्रीवास्तव, सर्विस मैनेजर सहित बैंक एवं सभी रहें।



# अभिनेता गुलशन ग्रोवर बटियागढ़ में आयोजित क्रिकेट टूर्नामेंट में हुए शामिल



**नवभारत,बटियागढ़/दमोह। जिले के बटियागढ़ में चल रहे मंत्री कप क्रिकेट टूर्नामेंट के समापन अवसर पर प्रदेश के संस्कृति, पर्यटन, धार्मिक न्यास व धर्मस्व राज्यमंत्री ( स्वतंत्र प्रभार ) धर्मेन्द्र सिंह लोधी,पशुपालन व डेयरी विभाग के राज्यमंत्री ( स्वतंत्र प्रभार ) लखन पटैल व फिल्मी दुनिया में बैडमेन के नाम से मशहूर अभिनेता गुलशन ग्रोवर सहित अन्य जन प्रतिनिधिगण शामिल हुये।अभिनेता गुलशन ग्रोवर के साथ राज्यमंत्री द्वय ने खुली जीप में बैठकर क्रिकेट मैदान का राउण्ड लिया और उपस्थित जनसमूह का अभिवादन स्वीकार किया। इस मौके पर राज्यमंत्री द्वय श्री लोधी व श्री पटैल ने पुष्पमाला, शाल व स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मान किया।**

पूर्व विधायक सोनाबाई अहिरवार व पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष नरेन्द्र व्यास, जिला पंचायत उपाध्यक्ष धर्मेन्द्र कटारे कपिल शुक्ला, मोहन पटैल व लोकेन्द्र सिंह (लकी भैया) ने भी अभिनेता श्री ग्रोवर का पुष्पमाला पहनाकर स्वागत किया। इस दौरानपुलिस प्रशासन में एसडीओपी प्रिया सिंधी,एसडीएम निकेत चौरसिया, थाना प्रभारी रजनी शुक्ला,एसडीएम निकेत चौरसिया, तहसीलदार योगेंद्र चौधरी,थाना प्रभारी बृजलाल पटेल, चौकी प्रभारी आनंद कुमार, चौकी प्रभारी एसएन यादव,और भी पुलिस अधिकारी अधिकारी गण, बल मौजूद रहा. राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) धर्मेन्द्र सिंह लोधी ने कहा विधानसभा स्तरीय क्रिकेट टूर्नामेंट का फाइनल मैच बटियागढ़ में चल रहा है, जिसमें सुप्रसिद्ध अभिनेता गुलशन ग्रोवर का आगमन हुआ और उनको देखने के लिए जनता उमड़ पड़ी। उन्होंने कहा राज्यमंत्री लखन पटेल के नेतृत्व में एक दिव्य और भव्य टूर्नामेंट आयोजित हुआ है। उन्होंने सभी को बधाई और शुभकामनाएँ दी। बैडमेन की ख्याति प्राप्त प्रसिद्ध फिल्म अभिनेता गुलशन ग्रोवर ने कहा क्रिकेट खिलाड़ियों का प्रोत्साहन करने के लिए इतनी दूर से आया हूँ। खिलाड़ियों द्वारा किए गए प्रदर्शन से यहां खड़े व्यक्तियों को प्रोत्साहन मिल रहा हैं कि वे भी स्पोर्टस की तरफ जाएं।

> व्यक्तिगत जीवन में बहुत सज्जन और सरल व्यक्ति हैं। राज्यमंत्री श्री पटेल ने कहा अभिनेता श्री ग्रोवर विदेश में शूटिंग कर रहे थे और शूटिंग कैंसिल करके, एक दिन के लिए, एक घंटे के लिए वह बटियागढ़ तक आए।आज का दिन बड़ा गौरव का दिन है, आज का दिन बटियागढ़ के इतिहास के पन्नों में लिखा जाएगा। मशहूर फिल्म अभिनेता गुलशन ग्रोवर जिन्होंने लगभग 400 बॉलीवुड और हॉलीवुड की फिल्मों में काम किया है.

> अभिनेता श्री ग्रोवर ने कहा जिस प्रकार से यहां पर विकास हो रहा हैं, टूरिज्म से जुड़े विकास भी हो रहे हैं। श्री ग्रोवर ने जनता की मांग पर फिल्म से जुड़े एक से बढ़कर एक डायलॉग सुना कर दर्शकों का शानदार मनोरंजन भी किया। उन्होंने सभी दर्शकों का उत्साहवर्धन किया और इस टूर्नामेंट में चार चाँद लगाए इसके लिये सभी जनता जनार्दन को नमन किया। श्री ग्रोवर का आभार व्यक्त किया और पूरे बटियागढ़ विकासखंड, पथरिया विधानसभा.

> जिले के बटियागढ़ में आयोजित मंत्री कप क्रिकेट टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला सदगुआ और चिरोला क्रिकेट क्लब के बीच खेला गया। रोमांचक मुकाबले में चिरोला क्रिकेट क्लब ने शानदार प्रदर्शन करते हुए जीत दर्ज की।फाइनल मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए सदगुआ टीम ने 15 ओवर में 147 रनों का लक्ष्य रखा। लक्ष्य का पीछा करने उतरी चिरोला क्रिकेट क्लब की टीम ने दो विकेट से मैच जीता। और टूर्नामेंट का खिताब अपने नाम कर लिया। मैच में शानदार प्रदर्शन के लिए शुभम पटेल को मैन ऑफद मैच व मैन ऑफद सीरीज चुना गया।

## ब्राह्मण समाज की नाबालिग छात्रा को ढूढ़ने सौंपा ज्ञापन

### 3 दिन में बरामद नहीं होने पर नोहटा में मुख्यमंत्री के सामने करेंगे प्रदर्शन



**नवभारत,दमोह.**करीब डेढ़ महीने पहले ब्राह्मण समाज की एक कक्षा 10 वी की छात्रा का अपहरण कर लिया गया था.जिसके विषय में बाकायदा अपराध भी पंजीबद्ध किया गया. किंतु इतना लंबा समय हो जाने के बाद भी आज दिनांक तक दमोह पुलिस छात्रा को बरामद नहीं कर पाई जबकि पीड़ित परिजनों ने तमाम साक्ष्य सबूत मोबाइल नंबर पुलिस को सौंपे फिर भी नतीजा सिफर रहा.इसी घटनाक्रम से पीड़ित होकर ब्राह्मण समाज के प्रतिनिधि मंडल ने आज पीड़ित परिवार के साथ एकत्रित होकर पुलिस अधीक्षक दमोह के नाम ज्ञापन सौंपा.जिसमें आगामी तीन दिवस में बालिका को बरामद करवाने की बात ब्राह्मण समाज द्वारा कही गई.सम्पूर्ण कार्यवाही पर समाज के जिलाध्यक्ष मुकेश पांडेय व मनीष नगाइच ने बताया के पुलिस द्वारा नाबालिग की बरामदगी के जो प्रयास दिनांक तक किये गए हैं.वह नाकाफी रहे हैं, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ने दिया टीम गठित करने का आश्वासन.



## महाशिवरात्रि पर्व पर बांदकपुर धाम पधारने का दिया निमंत्रण

**नवभारत,दमोह.** श्री जागेश्वर नाथ भक्त मंडल बांदकपुर धाम से नोहटा पहुंचे.शिव भक्तों ने मप्र सरकार के पर्यटन धार्मिक संस्कृतिक मंत्री धर्मेंद्र सिंह को 15 फरवरी महाशिवरात्रि पर्व पर बांदकपुर धाम पधारने आमंत्रित किया.भगवान भोलेनाथ का दिव्य प्रसाद पुष्पमाला भेंट कर सनातन संस्कृति को पुन: जागृत करने भव्य नोहटा महोत्सव के आयोजन की बधाई शुभकामनाएं दी.

## कमला नेहरू महिला महाविद्यालय में कार्यशाला आयोजित



**नवभारत,दमोह.**शासकीय कमला नेहरू महिला महाविद्यालय दमोह में दिनांक 10 .2 .26 को नेशनल टास्क फोर्स के अंतर्गत कार्यशाला का आयोजन किया गया। यह आयोजन महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ.जी.पी. चौधरी के निर्देशन में किया गया। इस कार्यशाला का विषय तनाव प्रबंधन रहा।कार्यशाला का प्रारंभ मां सरस्वती जी के पूजन द्वारा किया गया। प्राचार्य जी ने सभी को आशीष वचन प्रदान किये। राष्ट्रीय कार्य बल की नोडल अधिकारी डॉ. राधा ताम्रकार के द्वारा कार्यशाला का प्रयोजन बतलाया गया। महाविद्यालय के प्रशासनिक अधिकारी डॉ.एन.पी. नायक द्वारा विश्वविद्यालय एवं महाविद्यालय की गतिविधि,सुप्रीम कोर्ट द्वारा बनाई गई नीतियां व नेशनल टास्क फोर्स की समीक्षा के बारे में छात्रों को अवगत कराया। डॉ. अवधेश जैन ने पारिवारिक तनाव, परीक्षा संबंधी व्यवहार एवं क्षमा और धन्यवाद बड़े से बड़े तनाव को कम कर सकते हैं के महत्व को समझाया। विशिष्ट अतिथि के रूप पधारी डॉ. विधि गुप्ता,उमंग काउंसलर, जिला अस्पताल, दमोह ने तनाव प्रबंधन को सकारात्मक से जोड़कर बात कही। मंच का संचालन डॉ. आराधना श्रीवास एवं आभार डॉ. असलम खान ने किया। कार्यक्रम में डॉ. अरूणा एम.जैन,डॉ.मालती नायक,श्रीमती प्रीति वर्मा, श्रीमती जया अहिरवार, डॉ.दिनेश कुमार पटेल,डॉ. उमेश दीपांकर,डॉ.अमिता श्रीवास्तव,डॉ. शिवशंकर मरकाम, डॉ. स्मिता यादव तथा अधिक संख्या में छात्राएं उपस्थित रही।



## मां गंगा के किनारे 38 दिन का कल्पवास

**नवभारत,दमोह।** मां गंगा के किनारे 38 दिन का कल्पवास महेश पटेल मुकदम ग्राम पंचायत चंपत पिपरिया तहसील पथरिया जिला दमोह ने 38 दिन मां गंगा मां यमुना मां सरस्वती जी के त्रिवेणी संगम में अपना कल्पवास कर साधना आराधना करते हुए मां का आशीर्वाद प्राप्त किया। जहां व्यक्ति साधना तपस्या के मूलभूत कर्तव्यों से विमुख हो रहा है जहां पर हमारे महेश पटेल मुकदम दादा ने समाज को प्रेरणा देते हुए बताया कि वास्तव में यदि मां गंगा मां यमुना मां सरस्वती जी का यदि पूर्ण आशीर्वाद चाहते हैं तो मां के निर्देशन में चलना ही होगा तब त्याग पुरुषार्थ के बल पर ही मां का आशीर्वाद प्राप्त किया जा सकता है।



## संस्था संघ के राष्ट्रीय कार्यवाहक अध्यक्ष शाह का दमोह आगमन

**नवभारत,दमोह।** अखिल गोंडवाना कायापुनेम भुमका सेवा संस्था संघ के राष्ट्रीय कार्यवाहक अध्यक्ष तिरूमाल गेंदा शाह उइके जय सेवा गुरूजी का अल्प समय के लिए दमोह अगमन हुआ जिसमें उनके साथ मातृशक्ति भी रही जिसका स्वागत मगंलम होटल में फूल मालाओं व गुलदस्ता भेंट कर सम्मान किया इस अवसर पर नारायण सिंह मराबी प्रदेश सहसचिव, दादा नारायण सिंह ठाकुर से.नि. अपर कलेक्टर, विश्वनाथ धुर्वे से.नि.एलआईसी, मानकपुरी, प्रमोद सिंह मरकाम, एम.एस परते, आलम सिंह मराबी, भुमका गुरू इत्यादि सदस्यों की उपस्थिति रही।



## मप्र पुलिस पेंशनर्स संघ जिला इकाई दमोह की मासिक बैठक

**नवभारत,दमोह.** 10 फरवरी 2026 को मप्र पुलिस पेंशनर्स संघ जिला इकाई दमोह की मासिक बैठक का आयोजन स्थानीय बेलाताल टापू साईं मंदिर प्रांगण में किया गया. बैठक में पेंशनर्स की सामूहिक समस्याओं पर विचार विमर्श किया गया. सेवा निवृत्त उपनि राम प्रसाद जोशी,बालकृष्ण यादव, पुरषोत्तम लाल यादव सेवा निवृत्त सउनि रामकृष्ण पटेरिया, रमेश कुमार तिवारी,रामचन्द्र पटेल, खूबचंद्र नामदेव ने संघ की प्रांतीय सदस्यता ग्रहण की जिन्हें संघ का पट्टा पहना कर सम्मानित किया गया.विगत दिनों हमारे संघ के साथ ही आर एन उपाध्याय स्टेनो बाबू का निधन होने व डी पी तिवारी सेवा निवृत्त टीआई की धर्म पत्नी श्रीमति राजकुमारी तिवारी का निधन होने पर संघ के सदस्यों द्वारा दो मिनिट का मौन रख कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई.कार्यक्रम में प्रमुख रूप से अध्यक्ष धनसिंह राजपूत, राजकिशोर सेन, उमराव सिंह, डीएसपी,भल्ला प्रसाद दुबे, टीआई रामकिशोर पांडे, रमेश कुमार तिवारी हाजी हमीद मीडिया प्रभारी सहित 30 सदस्य गण उपस्थित रहे.

### एक नजर में



## पद्मश्री कैलाश खेर के सहयोगी दमोह निवासी मनुज दुबे भी आज बजाएंगे तबला

नवभारत,दमोह. मनुज दुबे निवासी बड़ापुल दमोह जो कि पद्मश्री कैलाश खेर के द्वारा बनाया हुआ बैंड स्टाफमें लगभग 10 साल से जुड़े हुए है. आज जिले के नोहटा नोहलेशवर मेला में अपना प्रोग्राम दिखाएंगे .बताया गया कि कैलाश जी के साथ लगभग 3 साल से प्रोग्राम कर रहे है. देश विदेश में अपना दमोह का नाम रोशन कर रहे है.अभी तक 15-20 देशों में प्रोग्राम कर चुके है. जैसे यूएसए, यूलंदन, यूरोप, मॉरीशियस, दुबई, श्रीलंका, थाईलैंड आदि देशों में काम किया है. बता दे कि कैलाश जी तबला सहयोगी मनुज दुबे ने यह विद्या हरि प्रसाद चौरसिया दमोह से ली, जो आज देश-विदेश में नाम रोशन कर रहे हैं.


## जनसुनवाई में 251 आवेदनों पर हुई सुनवाई

**नवभारत,दमोह।** कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने कलेक्टर कार्यालय के कक्ष क्रमांक 10 में आयोजित जनसुनवाई में जिले के दूरदराज क्षेत्रों से आये हितग्राहियों की समस्याओं को सुना।इस दौरान सामान्य जनसुनवाई में 251 आवेदनों पर सुनवाई करते हुये संबंधित अधिकारियों को समय-सीमा में निराकरण करने के निर्देश दिये।

**परीक्षा** | जिले के 79 केंद्रों पर आयोजित हुआ अंग्रेजी विषय का प्रश्न पत्र

# हायर सेकेंडरी बोर्ड परीक्षा प्रारंभ, प्रथम दिन 9951 विद्यार्थियों ने दी परीक्षा

**नवभारत,दमोह। माध्यमिक शिक्षा मंडल भोपाल द्वारा आयोजित हायर सेकेंडरी बोर्ड परीक्षा 1 फरवरी 226 से प्रारंभ हुई। प्रथम दिन अंग्रेजी विषय के प्रश्न पत्र में कुल 15 विद्यार्थियों में से 9951 विद्यार्थी उपस्थित रहे 99 बच्चे परीक्षा में अनुपस्थित रहे।** संपूर्ण परीक्षा कैमरे की निगरानी में की जा रही हैं जिसका नियंत्रण जिला स्तरीय कंट्रोल एंड कमांड सेंटर द्वारा किया जा रहा है।जिला एवं विकासखंड स्तर पर 17 निरीक्षण दल बनाए गए हैं जो विभिन्न केंद्रों पर अपनी नजर रखे हुए हैं। संवेदनशील एवं अतिसंवेदनशील केंद्रों में अतिरिक्त तौर पर ऑब्जर्वर तैनात किए गए हैं जो पूरे 3 घंटे उपस्थित रहकर परीक्षा की निगरानी कर रहे हैं।



### जिला शिक्षा अधिकारी नेमा ने दी जानकारी

> माध्यमिक शिक्षा मंडल भोपाल द्वारा से बोर्ड परीक्षाएं प्रारंभ कर दी गई हैं। इस सबंध में जिला शिक्षा अधिकारी एसके नेमा ने बताया दमोह जिले के सभी 90 परीक्षा केंद्रों पर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच परीक्षा शुरू कराई गई हैं। उन्होंने कहा माध्यमिक शिक्षा मंडल भोपाल ने जिले के 11 परीक्षा केंद्रों पर केमरे लगाए हैं। साथ ही जिला कलेक्टर के निर्देशन में पूरे 90 केंद्रों पर परीक्षा की मॉनिटरिंग के लिए सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं जिसकी सघन निगरानी जेपीबी स्कूल कंट्रोल रूम से की जा रही। आज 79 केंद्रों पर 14 हजार परीक्षार्थी शामिल हो रहे।

## धर्म के महाआयोजन में बह रही भक्ति भाव की गंगा



**नवभारत,हटा/दमोह.** गुरू की महत्ता हमारे जीवन में अनुपम है क्योंकि गुरू के बिना हम जीवन का सार ही नहीं समझ सकते हैं लेकिन हमेशा इस बात का सदैव ही ध्यान रखना चाहिए कि गुरू के समक्ष चंचलता नहीं करनी चाहिए और सदा ही अल्पवासी होना चाहिए। जितनी आवश्यकता है, उतना ही बोलें और जितना अधिक हो सके, गुरू की वाणी का श्रवण करें।